प्रेस सूचना ब्यूरो
भारत सरकार
***

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई एवं राज्य को भारत का अभिन्न अंग बनाने में पुलिस बलों का महत्वपूर्ण योगदान है : केंद्रीय गृह मंत्री

श्री नरेंद्र मोदी सरकार पुलिस कर्मियों के समग्र कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है: श्री अमित शाह

अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी पुलिस के जवान देश की सेवा में तत्पर रहते हैं: श्री अमित शाह

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर, 2019

पुलिस स्मृति दिवस परेड 2019 के अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि आज जिन शहीद पुलिसकर्मियों के नाम शहीदों की सूची में शामिल किए गए हैं उन सभी के परिवारों के प्रति समग्र देश की ओर से अत्यंत आदर के साथ कृतज्ञता व्यक्त करता हूं |

श्री शाह ने कहा कि सामान्य दृष्टि से पुलिस का काम सरकारी कर्मी के रूप में दिखाई पड़ता किंतु जब दृष्टिकोण बदल कर देखते हैं तो मालूम पड़ता है कि चुपचाप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाले पुलिस के जवानों का देश के प्रगति के पथ पर अग्रसर होने में कितना महत्वपूर्ण योगदान है। उनका कहना था कि चाहे सीमाओं की सुरक्षा हो, आतंकवाद का सामना करना हो, नक्सलियों का सामना करना हो या सड़क पर चुपचाप व्यवस्था सुधारने का काम हो सभी में पुलिस के जवान मुस्तैदी से अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक लगाना, देश को शांति की दिशा में आगे ले जाने तथा पूर्वोत्तर में उग्रवाद के साथ संघर्ष कर शांति बनाने में भी पुलिस बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री शाह ने आगे कहा कि पुलिस की कार्यों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास पहुंचाने तथा जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई एवं राज्य को भारत का अभिन्न अंग बनाने में सहायता करना भी शामिल है। उन्होंने आपदा प्रबंधन में पुलिस के कौशल की तारीफ की।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच के कारण पुलिस स्मारक का निर्माण हुआ और उन्होंने आश्वस्त किया कि यह पुलिस स्मारक न केवल स्मारक बनकर रहेगा बल्कि यहाँ से पुलिस के कर्तव्य निर्वहन को गौरव प्रदान करने की दिशा में अनेक प्रकार की गतिविधियां संचालित की जायेंगी जो देश को पुलिस की गाथा सुनाने का काम करेंगी। देश के बच्चे, पर्यटक इस स्थान को तीर्थ स्थल मानकर यहां शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देने आएं, ऐसी व्यवस्था की जाएगी।

श्री अमित शाह का कहना था कि पुलिस के कारण ही देश सुरक्षित है। अत्यंत कठिन परिस्थितियों में पुलिस के जवान देश की सेवा में तत्पर रहते हैं| सीमा सुरक्षा बल बर्फीली चोटियों पर, राजस्थान के रेगिस्तान में, सीआईएसफ, रैपिड एक्शन फोर्स तथा एनएसजी व अन्य केंद्रीय बल मजबूती के साथ देश के सामने आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना करते हैं। उन्होंने सभी सशस्त्र बल के जवानों को आश्वस्त किया कि पुलिस कल्याण के लिए श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने ढेर सारी योजनाएं बनाई हैं जिनमें उत्तम स्वास्थ्य, निवास तथा कार्य करने के लिए उत्तम वातावरण सहित सभी दिशाओं में सरकार द्वारा काम किया जा रहा है। श्री शाह का कहना था कि यह स्थान आने वाले दिनों में सभी पुलिसकर्मियों के गौरव का स्थान बनेगा|

इस अवसर पर बोलते हुए श्री शाह ने हॉट स्प्रिंग्स की लड़ाई को याद किया और इसमें शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों की वीरता को याद किया। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों की सेवा की सराहना की। पुलिस स्मृति दिवस सीआरपीएफ के पुरुषों के असीम समर्पण और सराहनीय साहस के लिए मनाया जाता है।

Photographs of the jawans who laid down their lives for the Motherland at Hotspring, Ladakh in 1959.

CT IMAN SINGH

CONSTABLE PURAN SINGH

CONSTABLE NORBU LAMA

CT BEG RAJ


CT MAKHAN LAL

CT SHIVNATH PRASAD

CT HANGJEET SINGH

CONSTABLE DHARAM SINGH

CT SARWAN DASS

CT TSHERING NORBU

CRPF JAWANS ON WAY TO HOT SPRING IN 1959.

DYSP. KARAM SINGH.

****

डा.वीजी/डा.डीडी